फर्द अहकाम

बाबूलाल बनाम राजस्थान सरकार

प्रार्थना पत्र संख्या: 390/2024

दिनांक	आज्ञा विस्तृत रूप से	विशेष विवरण
12.12.2024	पत्रावली पेश हुई। प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र बाबत् नाम शुद्धिकरण पेश किया। पत्रावली मे संलग्न दस्तावेजात का मनन एवं अवलोकन करने पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र बाबत् नाम दुरूस्ती स्वीकार किया जाता है। तहसीलदार सांगानेर को वाके ग्राम रामसिंहपुरा, पटवार हल्का रामसिंहपुरा, तहसील सांगानेर में स्थित खाता संख्या 141, 108 में अंकित बाबू पुत्र धन्ना के स्थान पर बाबूलाल पुत्र धन्ना एवं लाला पुत्र धन्ना के स्थान पर लालराम पुत्र धन्ना का नाम दुरूस्त करने के आदेश दिये जाते है। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 12.12.2024 को सुनाया गया। (हिम्मत सिंह) आर.ए.एस. उपखण्ड अधिकारी जयपुर–द्वितीय (साँगानेर), जयपुर	